# छोटे-मझोले उद्योगों को मुफ्त मिलेंगे ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर के लाइसेंस

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को तकनीक से जोड़ने के लिए सैपियो एनालिटिक्स के साथ बृहस्पतिवार को एक सहमति पत्र (एमओयू) का आदान-प्रदान हुआ। इस समझौते के तहत सैपियो एनालिटिक्स प्रदेश के 20 हजार उद्योगों को 72 करोड़ रुपये के ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर एक्कलाउड के लाइसेंस मुफ्त में देगी।



यह एमओयू कैसरबाग स्थित निर्यात प्रोत्साहन भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में हुआ। अपर मुख्य सचिव एमएसएमईए डॉ. नवनीत सहगल व सैपियो एनालिटिक्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर हार्दिक सोमानी ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। सहगल ने बताया कि इस समझौते से एमएसएमई उद्यमियों को टैक्स फाइलिंग और प्रबंधन सहित सभी लेखांकन और सूची प्रबंधन प्रक्रियाओं को ऑपरेट करने में सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त उद्यमी अपने उत्पादों की बिक्री और खरीद प्रबंधन में सक्षम बनेंगे। उद्यमी आसानी से अपना जीएसटी भी दर्ज कर सकेगा। ब्यूरो